दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास



## खुद का गला रेत कर आत्महत्या का प्रयास, युवक गंभीर

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र में 40 साल के एक व्यक्ति द्वारा अपना ही गला रेत आत्महत्या करने की कोशिश करने का मामला सामने आया है. हालांकि समय पर अस्पताल पहुंचने के कारण घायल की जान बच गई.

मामले में बताया गया कि लैलूंगा थाना के बनेकेला गांव निवासी संतु राम पैंकरा पिता जीतू राम पैंकरा 40 साल अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहता था. बीते शुक्रवार दोपहर में अपने ही घर में रखे धारदार चाकू से अपना गला रेत लिया. हालांकि आत्महत्या करने की कोशिश की कारण के बारे में कुछ भी स्पष्ट नहीं हो सका है. घायल की पत्नी के अनुसार उन्हें इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है कि आत्महत्या की कोशिश क्यों की.

**मुश्किल से बची जान-** घायल संतु राम को गंभीर हालत में 2 दिन पहले रायगढ़ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल लाया गया था. यहां डॉक्टरों द्वारा गले का सफल इलाज के मरीज की जान बचाने में सफलता मिली शुक्रवार को उसे होश आया.

## जमानतदार की ऋण पुस्तिका फर्जी, जमानतदार पर धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध

**रायगढ़।** माननीय जेएमएफसी न्यायालय रायगढ़ द्वारा न्यायालय में जमानत के लिये पेश किये गये ऋष्ण पुस्तिका की जांच तहसीलदार से करायी गई जांच पर ऋष्ण पुस्तिका फर्जी पाया गया, माननीय न्यायालय द्वारा जमानतदार लखन लाल यादव आ0 साधुराम उम्र 65 वर्ष साकिन बिरहाभाटा थाना चंद्रपुर जिला जांजगीर-चांपा तथा दाउ सिंह आ0 सनतराम उम्र 48 वर्ष साकिन देवबाहाल थाना चक्रधरनगर के विरूद्ध कार्यवाही के लिये आदेश प्रतिवेदन भेजा गया, जिस पर थाना चक्रधरनगर में दिनांक 15.02.19 को उपरोक्त जमानतदार के विरूद्ध क्रमशः अप.क्र. 52, 53/19 धारा 205,420 ता.हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

## सुने मकान का ताला तोड़कर बर्तन, जेवर व नगदी चोरी

**रायगढ़।** ग्राम कलमी में निवासरत फुलसाय भारद्वाज आज दिनांक 16.02.19 को थाना कोतरारोड़ में अपने घर पर हुई चोरी की रिपोर्ट कराया है । रिपोर्टकर्ता ने बताया कि दिनांक 13/02/2019 के दोपहर घर में ताला लगाकर ग्राम जोरापाली काम करने अपने परिवार के तथा गांव के कुछ लोगों के साथ गया था । आज दिनांक 16/02/2019 के सुबह करीब 06/00 बजे घर वापस आया तो देखा घर के सामने के दरवाजे में लगा ताला तोड़कर कोई अज्ञात चोर घर से नगदी रकम 3,000 तथा कुछ बर्तन व जेवरात जुमला कीमती करीब 32,500 रूपये को चोरी कर ले गया था । रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 35/19 धारा 457, 380 ता.हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

# खाना बनाने के दौरान सिलेंडर फटने से तीन मजदूर झुलसे

### हरियाणा के ईंट भट्ठे में काम करने गए, अधूरा ईलाज कराकर भेजा वापस







**रायगढ़।** हरियाणा के ईंट भट्ठे में काम करने गए तीन लोगों को जली हुई हालत में अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया गया कि खाना बनाने के दौरान छोटे सिलेंडर में हुए ब्लास्ट के कारण तीनो झुलस गए थे। जिसके बाद तीनों को अधूरे इलाज के साथ रायगढ़ भेज दिया गया।

मामले में बताया गया कि डभरा थाना के घुरघुटटी निवासी गंगा राम सतनामी 40 साल अपनी पत्नी गोमती सतनामी 38 साल और भांजे मनोज टंडन 36 साल छुहिपाली के साथ लगभग तीन माह पहले हरियाणा के गोधना के एक ईंट भट्ठे में काम करने के लिए गया था। जहां तीनो एक छोटे से कमरे में रहते थे। बीते मंगलवार को कम से लौटने के बाद शाम को घर मे रखे छोटे सिलेंडर पर खाना पकाने की तैयारी की जा रही थी। मनोज टंडन ने बताया कि गैस खत्म होने के कारण वो कुछ समय पहले ही सिलेंडर भरा कर लौटा था। जिसके बाद उसने जैसे ही लाइटर से गैस न करने की कोशिश की सिलेंडर में ब्लास्ट हो गए। इस दौरान कमरे में मौजूद मामा मामी भी झुलस गए।

### ट्रेन के गेट पर बैठ करनी पड़ी यात्रा

घटना के बाद ईंटभट्ठे के संचालकों ने इलाज के नाम तीनो घायलों के लिए 60 हज़ार रुपये देकर अपनी ज़िम्मेदारी पूरी कर ली। इलाज के लिए कोई बेहतर व्यवस्था नहीं होने के कारण डभरा से कुछ लोगों को बुलाया गया। जिसके बाद सीट नहीं मिलने के कारण तीनों घायल ट्रेन की गेट के पास बैठकर रायगढ़ पहुँचे, जिसके बाद परिजनो ने उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती किया।

## बाबा धाम में 22 वां स्थापना दिवस धूम-धाम से मनाया गया





**रायगढ़।** शहर के कोसमनारा स्थित बाबा सत्यनारायण धाम का 22 वां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से शनिवार को मनाया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे । सुबह से यहां भंडारा लगाया गया था, जिसमें देर रात तक दूर दूर से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर रायगढ़ के सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री विष्णु देव साय ने भी बाबा का आशीर्वाद लिया । साथ ही सारंगढ़ की पूर्व विधायक केरा बाई मनहर सहित कई आम और खास लोगों ने बाबा धाम पहुंचकर बाबा सत्यनारायण के दर्शन किए।

## पुलवामा आतंकी हमले के विरोध में चेंबर द्वारा कैट के भारत बंद का समर्थन

**रायगढ़।** पुलवामा में हुए आतंकी हमले के विरोध में कान्फिडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स असोसिएशन कैट द्वारा 18 फ़रवरी दिन सोमवार को आयोजित भारत बंद को छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स ने समर्थन दिया है. इसी तारतम्य में रायगढ़ इकाई ने भी सभी उद्योगपतियों और व्यापारी बंधुओं से अपील की है की वे ह्रदय से श्रद्धा पूर्वक इस बंद को सफल बनायें। यह बंद हमारे शहीद जवानों के लिए व्यापार जगत द्वारा श्रद्धांजलि स्वरुप होगा और पाकिस्तान की कायराना हरकत के विरोध स्वरुप हम भारतीयों की एकता और अखंडता को प्रदर्शित करेगा। इस बंद के लिए एक सर्व दलीय बैठक आज तीन बजे मारवाड़ी पंचायती धर्मशाला में आयोजित की गयी है। चेंबर ने सर्व समाज, पत्रकार बंधुओं , बुद्धिजीवियों ,सर्व राजनैतिक दल ,व्यापारी बंधू ,उद्योगपतियों हुए सामाजिक संगठनों से आव्हान किया है की इस ज्वलंत मुद्दे पर एकत्रित हो कर अपना समर्थन और सुझाव प्रदान करें। चेंबर ने स्पष्ट किया है कि यह बंद दोपहर तीन बजे तक होगा और इससे शैक्षणिक संस्थाओं और मेडिकल स्टोर तथा चिकित्सा सुविधाओं को इससे मुक्त रखा गया है।

## जंगल से भटके साम्हर पर कुत्तो का हमला, हुई मौत

### सारंगढ़ रेंज में वन्यप्राणियों की हो रही मौत, मामले को दबाने का किया जाता है प्रयास



**रायगढ़।** सारंगढ़ रेंज मे लगातार अवैध शिकार हो रहा है। वहीं अभ्यारण क्षेत्र से भटक कर बस्ती तक आ जाने वाले वन्यप्राणी आवारा कुत्तों का शिकार बन रहे हैं। कुछ इसी तरह का मामला आज सारंगढ़ रेंज के मल्दा क्षेत्र में देखने को मिला। जहां आवारा कुत्तों के झुंड ने एक साम्हर पर हमला कर दिया और इससे उसकी मौत हो गई। बाद में आगे की कार्यवाही की गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आज दोपहर सारंगढ़ वन परिक्षेत्र के मल्दा क्षेत्र में एक साम्हर जंगल से भटक कर बस्ती तक पहुंच गया। जिस पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। इससे साम्हर की मौत हो गई। जब मामले की जानकारी विभाग के कर्मचारियों को लगी तो तत्काल उसका पीएम करा कर अंतिम संस्कार किया गया। वहीं सूत्र बताते हैं कि मामले को दबाने के लिए स्थानीय कर्मचारियों ने इस घटना को पूरी तरह से अपने अन्य अधिकारियों को भी नहीं बताया था। यह भी बताया जा रहा है कि सारंगढ़ रेंज में स्थानीय कर्मचारियों का यहां पदस्थ होने के कारण यहां लगातार अवैध शिकार व वन अपराध घटित होने की बात कही जा रही है । जबकि पूर्व में भी गोमर्डा अभ्यारण व सारंगढ़ रेंज के स्थानीय कर्मचारियों को हटाने की मांग उठ चुकी है। इसके बाद भी विभाग के बड़े अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं और इससे लगातार सेंचुरी व सारंगढ़ रेंज में वन्य प्राणियों का शिकार हो रहा है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठन सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, बच्चों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करेगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...
Topper Students Last Session
Tarun 90% Yamini 98% Shraddha 93% Priyanka 96% Prerna 84% Hitendra 99% Akanksha 90% Geetanjali 99% Chetna 94% Arpita 93% Arpita 98% Rakesh 97% Sejal 88% Shiva 97%
Topper Students Last Session
Sushant 92% Prince 97% Kusum 98% Abhishek 99% Aayush 93% Prachi 97% Tulika 96% Pari 96% Aradhya 97% Ananya 99% Ashish 96% Ankita 99%
Join CAREER...



Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480